शामली संस्करण

शामली एक्सप्रेस न्यूज

RNI NO.UPHIN/2021/80564 शामली से प्रकाशित व मुजफ्फरनगर, मेरठ व सहारनपुर में प्रसारित हिन्दी दैनिक TITLE CODE-UPHIN49489 जोश सच का !

प्रधान संपादक : अतुल बंसल | प्रबंध सम्पादक : विकास बंसल | वर्ष : 04 | अंक : 024 | शुक्रवार, 14 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1 रुपया | Email: shamliexpress1@gmail.com

डीएम ने किया कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण

जन समस्याओं से जुडे प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने, खामियों को भी दुरूस्त करने के दिए दिशा निर्देश

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। डीएम ने संबंधित विभागों को जन समस्याओं से जुडे प्रकरणों के जल्द निस्तारण करने की भी कडी हिदायत दी ताकि फरियादियों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पडे।

गुरुवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। डीएम ने दैवीय आपदा, आइजीआरएस, एलआरसी, डीएलआरसी, ईआरके, राजस्व सहायक, सामान्य सहायक, एलबीसी, न्यायिक सहायक, मुख्य राजस्व लेखागार आदि पटलों का निरीक्षण कर अपने-अपने पटलों पर कार्यरत कर्मचारियों से जानकारी ली। डीएम ने

विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं से जुडे प्रकरणों का जल्द से जल्द समाधान करें ताकि फरियादियों को कार्यालय के चक्कर न काटने पडे। डीएम ने कहा कि आम जनता से जुड़े किसी भी मुद्दे को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए, विशेष रूप से उन मामलों को जिनमें किसी की मृत्यु या दुर्घटना से संबंधित पत्रावलियां शामिल हैं, ऐसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नए जिले के कारण कुछ जमीनी मामले लंबित हो सकते हैं, लेकिन प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी मामला बिना समाधान के न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो कार्य जिला स्तर पर किए जा सकते हैं, उन्हें तुरंत पूरा किया जाए और जो शासन स्तर पर भेजे जाने हैं, उन्हें बिना देरी भेज दिया जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां भी पाई गईं जिन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुफलिसी के मंजर देखे हैं, फूलों के बदले हाथों में खंजर देखें हैं

श्री गुरू रविदास समाज कल्याण समिति व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। श्री गुरु रविदास समाज कल्याण समिति टंकी रोड शामली एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा शामली के संयुक्त तत्वाधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर विराट कविसम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रीतम सिंह प्रीतम ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस ने किया। सभी कवियों ने श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत की। प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस ने सुनाया कि समरसता,सद्भाव की है निश्चल पहचान। संतों के भी शिरोमणि रविदास भगवान।। बृजेश सैनी ने कहा कि हमने मुफलिसी के मंजर देखे

हैं फूलों के बदले हाथों में खंजर देखें हैं, सिसकती रही जिंदगी मुंह छुपाकर, हंसती आंखों में अश्कों के समंदर देखें है। सुधीर जगधर ने पढ़ा कि मन इतना चंगा है। जिसकी कठौती में बहती शुचि गंगा है। प्रीतम सिंह प्रीतम ने कहा कि फाड़ दी छाती, स्वर्ण का जनेऊ विधान। सबसे पहले दुनिया में आया ब्रह्म ग्यान। अनिल पोपट कामचोर ने पढ़ा कि आज पत्नी जी से कहाँ हैप्पी वेलेंटाइन डे, वो गुस्से से बोली, नाशपीटे आज तो कुछ दें। कार्यक्रम में सुनील अरोरा, रमेश चंद्र, चंचल शर्मा, सतेंद्र कुमार, कंवर पाल ,राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सुन्ना में लाखों की चोरी से ग्रामीणों में भय और आक्रोश

- ग्रामीणों ने संभाली सुरक्षा की व्यवस्था, रात में पहरा देने का काम शुरू

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। कांधला गांव सुन्ना में हुई 16 लाख की चोरी के बाद ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा को स्वयं संभालते हुए पहरा देना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार चोरी का खुलासा होने तक पहरा जारी रहेगा। क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। थाना क्षेत्र के गांव सुना में मंगलवार रात मैरिज रूम के मालिक डॉक्टर संजय के आवास पर बदमाशों ने बंद मकान का ताला तोड़कर करीब 16 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें करीब चार लाख की नगदीऔर लगभग बारह लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवराज शामिल रहे। देर रात पीड़ित का परिवार गांव जसाला स्थित अपने मैरिज होम से जब घर वापस लौटा तो वारदात घर में हुई

देखकर उसके होश उड़ गए। इस मौके पर पुलिस को वारदात की सूचना दी गई, जिसमें फॉरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर पूरी जांच पड़ताल की लेकिन मौके पर कोई सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में हुई बड़ी चोरी की वारदात के बाद ग्रामीणों में दहशत के चलते सुरक्षा को लेकर खुद मोर्चा संभालते हुए पहरा देना शुरू कर दिया है। ग्रामीण हर्ष ने बताया कि पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीण संतुष्ट नहीं है, इस कारण खुद मोर्चा संभाल लिया है। ग्रामीण सुनील ने बताया कि जब तक वारदात का खुलासा नहीं हो जाता है तब तक गांव में ग्रामीण स्वयं पहरा देंगे। गांववासी सुमित ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में इससे पहले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरसपाल मलिक के आवास पर बहुत बड़ी चोरी हुई थी। इस चोरी के होने के बाद फिर एक बार ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस को गांव में पैकेट बढ़ाना चाहिए, ताकि दोबारा इस घटना की पुनरावृति ना हो और घटना का जल्द खुलासा किया जाना चाहिए।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

- लिसाढ निवासी दोस्त के मढे की दावत से वापस लौट रहे थे बाइक सवार

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव काबडौत पुल पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद आरोपित चालक मौके से फरार हो गया। दोनों युवक दोस्त के मढे से वापस लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी सावन व शिवम गुरुवार को बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी अपने एक दोस्त के मढे में दावत पर आए थे। दोपहर बाद जब वे बाइक से वापस लौट रहे थे तभी काबडौत पुल पर पहुंचते ही एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे सावन व शिवम सडक पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लेकर आई।

कोर्ट ने सपा विधायक नाहिद हसन पर 100 रुपये का अर्थदंड लगाया

प्रधानमंत्री व बसपा सुप्रीमो पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी पर सुनाया फैसला

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कैराना एमपी-एमएलए न्यायालय ने कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन पर 100 रुपये का अर्थदंड लगाया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर वे जुमार्ना अदा नहीं करते तो उन्हें एक महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2014 के चुनाव में नाहिद हसन ने एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बसपा सुप्रीमो मायावती पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिसके संबंध में नाहिद हसन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में कैराना स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। इस मामले में 11 फरवरी को फैसला आना था लेकिन न्यायालय ने अपना निर्णय सुरक्षित रखते हुए 13 फरवरी की तारीख तय की थी। गुरुवार को नाहिद हसन अपने अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय पहुंचे। कोर्ट ने नाहिद हसन को अशोभनीय टिप्पणी के मामले में दोषी माना और उन पर 100 रुपये का अर्थदंड लगाया। साथ ही कहा कि यदि विधायक 100 रुपये का जुमार्ना नहीं भरते हैं तो उन्हें एक महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट के फैसले को देखते हुए कोर्ट परिसर में पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गयी थी।

दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आईजी से मिले पीड़ित

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। कांधला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला घटित हुआ था। मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिजन आईजी मेरठ से मिले, और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना क्षेत्र के एलम निवासी व्यक्ति ने जानकारी देते बताया कि ढाई माह पूर्व नाबालिक भतीजी के साथ कुछ युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना के संबंध में स्थानीय थाने में मामला भी पंजीकृत कराया गया था। जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भी भेज दिया था। जबकि मामले में अब भी अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। घटना के संबंध में पीड़ित परिजन आईजी मेरठ से मिले और शिकायती पत्र देते बताया कि मामले में पुलिस की मौन कार्यशैली चलते फरार आरोपीयो अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस महिला अपराध में लापरवाही कर रही है, साक्ष्यों को बरामद नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि मामले में नामजद फरार आरोपी पीड़ित परिजनों कार्रवाई करने पर बार-बार धमकी दे रहे है। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने आईजी मेरठ से मामले में कार्रवाई करने व परिवार को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है।

खेडा मस्तान में कल से शुरू हो रहा है 43 वां विशाल हनुमान मेला

मेला समिति ने पूर्ण की सभी तैयारियां, दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की उमडेगी भीड

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गांव खेडा मस्तान में 43वां विशाल श्री हनुमान मेला 15 फरवरी से शुरू हो रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड को देखते हुए मेला आयोजक तैयारियों में जुटे हुए है। मेले में तीन दिन तक घी का दीपक जलाए जाने की मान्यता है, जिससे सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मेले में आने वाली भीड को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस ली है। जय हनुमान भारतीय संस्कृति पुनरूथान समिति खेडा मस्तान द्वारा प्रतिवर्ष फाल्गुन मास कृष्ण पाक्ष तिथि द्वितीया, तृतीया व चतुर्थी को ग्राम खेडा मस्तान में एक विशाल हनुमान मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 43वां मेला 15, 16 व 17 फरवरी 2025 को है। मेले के आयोजन के लिए समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। साथ ही कार्यक्रमों की समय सारिणी भी जारी की गई है, जिसमें 14 फरवरी को दिन में 11 बजे श्री हनुमान मेला प्रवेश द्वारा खेडा मस्तान पर अतिथि स्वागत, शाम 6 बजे मुकुट पूजन, संध्या आरती, गुरूजी व संतों का आशीर्वाद, 15 फरवरी को सुबह 8 बजे पूजा पाठ, ध्वज पूजन, 10 बजे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं अखंड रामचरितमानस का पाठ, सायं 3 बजे साधवी लीला भारती दलिया मध्य प्रदेश का संगीतमय मानस प्रवचन, संध्या आरती 6 बजे, 16 फरवरी को श्री रामचरित मानस पाठ समापन, 10 बजे कला प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे से रामकथा, संध्या आरती 6 बजे, रात्रि 9 बजे आनंद चंचल एंड पार्टी झिंझाना जागरण एवं झांकी, 17 फरवरी को पूजन व मंगला आरती प्रात: 5 बजे, सुंदरकांड का सामूहिक पाठ 8 बजे, दोपहर 2 बजे से रामकथा, सांय 5 बजे विशिष्ट अतिथि गणों का सम्मान, संध्या आरती 6 बजे, रात्रि 9 बजे राकेश रंगीला एंड पार्टी राजपुर छाजपुर कीर्तन जागरण एवं झांकी तथा 18 फरवरी को पूजन व मंगला आरती प्रात: 5 बजे, हवन प्रात: 8 बजे, पूज्य गुरूजी का आशीर्वाद 10 बजे, मेले का समापन तथा विदाई समारोह 10 .30 बजे किया जाएगा। इसके अलावा 15 से 18 फरवरी तक प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

ससुराल से बाइक पर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल

कांधला। थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग के निकट ससुराल से बाइक पर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया गया।

कस्बे के मोहल्ला माजरा निवासी श्याम पुत्र राजेंद्र उम्र 30 वर्ष बीते बुधवार की सुबह अपनी ससुराल शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर गया हुआ था। परिजनों के अनुसार देर शाम युवक अपनी बाइक से वापस कांधला आ रहा था। जैसे ही युवक राजपुर बुढ़ाना मार्ग के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद रहा से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना देकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया और परिजनों को मामले की सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। और घायल युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

सार संक्षेप :

युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

शामली। शहर की बैंड मार्किट निवासी एक महिला ने एक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पडताल में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार शहर की बैंड मार्किट निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री शहर के एक कोचिंग सेंटर पर पढाई करने के लिए जाती है। गत दिवस भी वह कोचिंग पर गयी थी लेकिन जब काफी समय तक घर नहीं लौटी तो उन्होंने कोचिंग सेंटर पर जाकर पूछताछ की तो पता चला कि वह तो कोचिंग सेंटर पर आई ही नहीं। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। महिला ने जनपद बागपत के गांव सरफराबाद निवासी अक्षय नामक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का संदेह जताया। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एटीएम बदलकर खाते से उडाई 30 हजार रुपये की नकदी

शामली। एटीएम से पैसे निकालने के दौरान दो युवकों ने एक ग्रामीण का एटीएम बदलकर उसके खाते से तीस हजार रुपये की नकदी साफ कर दी। पीडित ने कांधला थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार गांव भिक्का माजरा निवासी चंद्रवीर ने कांधला थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह 9 फरवरी को कांधला निवासी अपने एक रिश्तेदार के यहां गया था। वह कांधला की छोटी नहर स्थित एक बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचा तभी दो युवक एटीएम में घुस गए तथा उसे बातों में उलझाकर उसका एटीएम बदल दिया तथा वहां से चंपत हो गए। जब उसके खाते से पैसे नहीं निकले तो वह भी वहां से निकल गया। लगभग आधे घंटे बाद उसके खाते से 10-10 की तीन किश्तों में 30 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया तो उसके होश उड गए। पीडित ने पुलिस से आरोपितों की पहचान कर उसके रुपये वापस कराए जाने की मांग की। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पडताल शुरू कर दी है।

जितेन्द्र भगवान की आराधना व त्याग सिखाता है तप कल्याणक: सौरभ सागर

वीवी कालेज में चल रहे पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में तप कल्याणक की पूजा अर्चना , बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। वीवी कालेज में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह में गुरुवार को तप कल्याणक की पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर जैन मुनि सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि तप कल्याणक हमें जिनेन्द्र भगवान की आराधना, त्याग करना सिखाता है, तप और आराधना से विकारों को दूर किया जा सकता है। दुख सुख में परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए।

वीवी कालेज में चल रहे पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन जैन मुनि सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में तप कल्याणक की पूजा अर्चना की गयी जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सौरभ सागर महाराज ने कहा कि तप कल्याणक हमें जिनेन्द्र भगवान की आराधना, त्याग करना सिखाता है, तप और आराधना से विकारों को दूर किया जा सकता है। दुख सुख में परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 24 तीर्थंकरों में भगवान पारसनाथ का विशेष स्थान है,उन्होंने अनेक कष्ट झेले हैं, बाकी तीर्थंकर ने उपसर्ग नही झेला। मुनिश्री ने कहा कि संसार में धार्मिक होना कठिन है, परमात्मा की पूजा अर्चना करना धार्मिकता है। हमें परिवार के साथ मिलकर खाना खाना चाहिए, परिवार के साथ मंदिर में जाना चाहिए, भगवान की आराधना करनी चाहिए, तभी परिवार में प्रेम बढेगा। उन्होंने कहा कि अपने अंदर के विकारों को दूर करो, संसार रूपी इस नैया से केवल भगवान ही पार उतार सकते हैं। इससे पूर्व गुरुवार को भी हैलीकाप्टर द्वारा प्रतिष्ठा महोत्सव पर फूलों की वर्षा की। इस मौके पर प्रवीन जैन, अध्यक्ष मयंक जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, वीरेश जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन, शरद जैन, अनिल जैन, शिवम जैन, सिद्धार्थ जैन, अंकुर जैन, शिशिर जैन राहुल जैन पंकज जैन, स्वाति जैन, मृदुला जैन, नीरू जैन, ममता जैन, अंकित जैन, अरविन्द जैन, डीके जैन, राजीव जैन, विनय जैन, प्रवीण जैन, नवीन जैन, सुनील जैन, दिनेश जैन, सलेक चंद जैन, तरूण जैन, सतेन्द्र जैन सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

छात्राओं ने माता-पिता की पूजा कर लिया आशीर्वाद

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में मनाया गया मातृ-पितृ दिवस

एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में योग वेदांत सेवा समिति शामली द्वारा मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा अपने माता-पिता की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को कालेज में आयोजित मातृ पितृ कार्यक्रम में बाल संस्कार विभाग से आए डा. अंकित ने मातृ-पितृ दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए जो सभी तीर्थों से बडी होती है। इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। वर्तमान समाज में माता-पिता की अवहेलना को रोकते हुए उनका सम्मान उन्हें वापस दिलाने का प्रयास करना चाहिए जो प्रतिदिन बड़ों की सेवा करता है उसे आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति

होती है। उन्होंने छात्राओं से अभिभावकों का सम्मान, पूजन, प्रदक्षिणा कराई। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद शर्मा, अंकुर उपाध्याय, कुलदीप कुमार, संजीव, संदीप, अमित, रवि कुमार, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार आदि भी मौजूद रहे।